प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री के समक्ष बिजली रॉयल्टी व बी बी एम बी में हिस्सेदारी और नई पेंशन योजना के अंशदान का मुद्दा उठाएंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री का कुछ अन्य केंद्रीय मंत्रियों के अलावा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलने का भी कार्यक्रम हैं।

कांग्रेस बैठक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में लोकसभा चुनावों में पार्टी की हार के कारणों व विश्लेषण के लिए गठित दो सदस्यीय समिति आज भी शिमला में पार्टी नेताओं के साथ मंथन करेगी। बैठक के दूसरे दिन आज कांगड़ा व शिमला संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के पार्टी प्रत्याशियों, विधानसभा प्रत्याशियों सहित मंत्रियों, सीपीएस, कांग्रेस विधायकों और सभी जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा की जाएगी। केन्द्रीय समिति कांग्रेस के अग्रणी संगठनों के राज्य प्रमुखों के साथ भी बैठकें कर रही है।

धर्माणी

नगर नियोजन व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने हिम रिजॉर्ट परियोजना के शिलान्यास को लेकर भाजपा नेताओं के आरोपों को निराधार बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा ने आचारसंहिता से एक दिन पूर्व 2022 में औहर में केवल होटल का शिलान्यास किया था जिसके लिए भाजपा द्वारा न तो बजट का प्रावधान किया गया और न ही पर्याप्त भूमि उपलब्ध करवाई गई। धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 33 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना का शिलान्यास किया है जिसमें विभिन्न सुविधाओं के अलावा जल क्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने का प्रावधान भी किया गया है।

ओंकार शर्मा

अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा है। चंबा में राजस्व अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित बनाने के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार न्यायिक प्रक्रिया का संचालन किया जाना चाहिए। ओंकार शर्मा ने कहा कि

अधिकारियों को लोगों के विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों में बिना भेदभाव से समाधान उपलब्ध करवाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को एक वर्ष से अधिक की समय सीमा से लंबित संपत्ति बटवारे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश भी दिए।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की रफतार धीमी पड़ने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अभी तक मॉनसून की वर्षा सामान्य से 25 प्रतिशत कम दर्ज की गई है और इस महीने के बाकी दिनों में भी राज्य में अधिक वर्षा की सम्भावना नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक सुरेन्द्र पॉल के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मॉनसून के धीमा पड़ने से हिमाचल में भी वर्षा में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 17 जुलाई के बाद राज्य में मॉनसून की वर्षा में कुछ वृद्धि दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की सामान्य वर्षा होने का अनुमान है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **मुख्यमंत्री आज पीएम से मिलेंगे, बिजली रॉयल्टी, बी बी एम बी में मांगेंगे हिस्सेदारी। दैनिक सवेरा टाइम्स** ने लिखा है **प्रदेश हित के मुददों की पैरवी करने दिल्ली पहुंचे सीएम सुक्खू। हिमाचल दस्तक** का कहना है **सीएम सुक्खू दिल्ली पहुंचे आज पीएम मोदी से मिलेंगे।**

छठे वेतन आयोग के वित्तीय लाभ न देने पर हाईकोर्ट ने सी एस से मांगा स्पष्टीकरण दैनिक भास्कर की एक खबर है। **पंजाब केसरी** ने लिखा है **मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को नोटिस। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **चार हफते में जवाब दें मुख्य सचिव।**

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **मानसून से अब तक प्रदेश में 183 करोड रूपए का नुक्सान, 17–18 को भारी बारिश का अनुमान। आपका फैसला** ने लिखा है **हिमाचल के कई भागों में एक सप्ताह तक मौसम खराब रहने के आसार।**

पटवारी–कानूनगो ने छोड़े सरकारी वाट्सएप ग्रुप, काम बंद शीर्षक से **दैनिक जागरण** ने लिखा है राज्य कैडर बनाए जाने पर सरकार के विरूद्ध खोला मार्चा।

नशे की बड़ी खेप के साथ बाप–बेटा, पोता गिरफतार, 24 लाख 40 हजार की नकदी बरामद अमर उजाला की एक खबर है। आपका फैसला के शब्द हैं **दादा–बाप व बेटा नशे की खेप सहित गिरफतार, 24 लाख कैश भी मिला।**

मॉनसून ब्रेक के बाद 29 जुलाई से शिक्षक ट्रांसफर पर होगी रोक हिमाचल दस्तक की एक खबर है।